सिद्धार्थनगर पुलिस

प्रेस नोट दिनांक 07-11-2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

◆थाना शिवनगर डिड़ई मिशन शक्ति पुलिस टीम द्वारा गुमशुदा हुई लड़की को बरामद कर परिजनो को सुपुर्द किया गया।

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर क्रम मे एवं प्रशान्त कुमार प्रसाद, अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल पर्यवेक्षण व शुभेंदु सिंह क्षेत्राधिकारी बॉसी के निर्देशन में बृजेश सिंह थानाध्यक्ष थाना शिवनगर डिडई जनपद सिद्धार्थनगर के नेतृत्व में आज दिनांक 07.11.2026 को मिशन शक्ति टीम द्वारा शांति व्यवस्था हेतु दिपावली त्यौहार पर भ्रमणशील रहते हुए चेकिंग के दौरान ज्ञात हुआ कि आवेदक द्वारा डायल 112 पर सूचना दी गई थी कि उसकी लड़की रीता उम्र 18 वर्ष है जो घर पर बिना बताए चली गई है। इस सूचना पर मिशन शक्ति टीम द्वारा आवेदक की लड़की को बरामद कर परिजन को सकुशल सुपुर्द किया गया।

मिशन शक्ति टीम का विवरण-

01.उ0नि0 उदय प्रताप सिंह 02.महिला हेड का0 नीलम शुक्ला

03.म0का0 प्रतिमा दूबे 04.म0का0 शिवानी

प्रेस नोट दिनांक 07-11-2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

◆मिशन शक्ति फेज 6.0 अभियान के तहत थाना ढ़ेबरुआ मिशन शक्ति टीम द्वारा थाना क्षेत्र के ग्राम ढेबरूआ में जाकर बच्चियों/महिलाओं को एकत्रित कर चौपाल लगाकर बालिकाओं/महिलाओं को सरकार के विभिन्न सरकारी योजनाओं व महिला अपराध के सम्बन्ध में जागरुक किया गया।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर डॉ0 अभिषेक महाजन द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओ की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के तहत, अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद के पर्यवेक्षण में क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ मयंक द्विवेदी तथा थानाध्यक्ष चंद्रकांत पाण्डेय के कुशल नेतृत्व में आज दिनांक 07.11.2026 को थाना ढ़ेबरुआ मिशन शक्ति टीम द्वारा थाना क्षेत्र के ग्राम ढ़ेबरुआ में महिलाओं/बालिकाओं को महिला अपराध, साइबर अपराध सुरक्षा व हेल्पलाइन नम्बर, दहेज उत्पीड़न, नए कानून आदि के सम्बन्ध में पम्पलेट वितरित कर जागरुक किया गया तथा सरकार के विभिन्न सरकारी योजनाओं के बारे मे जैसे कि प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना व बहू सम्मेलन अभियान मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना रानी लक्ष्मी बाई बाल एवं महिला सम्मान कोष, नारी शक्ति वंदन अधिनियम मातृ शक्ति को सम्बल निराश्रित महिला पेंशन योजना मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना आदि अन्य योजनाओ से संबंधी जानकारी को बताया गया तथा खुद के साथ होने वाले अपराध से बचने के बारे मे जानकारी दी गयी व महिला संबंधी अपराध पर अंकुश लगाने हेतु निम्न हेल्पलाइन नंबरों-112, पुलिस आपातकालीन सेवा 1090, वूमेन पावर हेल्पलाइन 1076, माननीय मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 108, एंबुलेंस सेवा 1930, साइबर अपराध हेल्पलाइन 1098, चाइल्ड हेल्पलाइन 102, स्वास्थ्य सेवा के बारे में जानकारी दी गई।

मिशन शक्ति टीम का विवरण--

01.उ0नि० सोमनाथ शर्मा

02.मुख्य आरक्षी दहारी यादव

03.म0आ0 लक्ष्मी, दीपिका तिवारी

प्रेस नोट दिनांक 07-11-2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

◆मिशन शक्ति फेज 6.0 शक्ति दीदी, नारी सुरक्षा, नारी सम्मान के तहत थाना जोगिया उदयपुर मिशन शक्ति टीम द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम महुआ में जाकर बच्चियों/महिलाओं को एकत्रित कर चौपाल लगाकर बालिकाओं/महिलाओं को सरकार के विभिन्न सरकारी योजनाओं व महिला अपराध के सम्बन्ध में जागरुक किया गया।

पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर डॉ0 अभिषेक महाजन द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओ की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक 07/11/2026 को अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद के पर्यवेक्षण में क्षेत्राधिकारी बांसी शुभेंदु सिंह तथा थाना प्रभारी अरूण कुमार के कुशल नेतृत्व में मिशन शक्ति के अन्तर्गत महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम तहत ग्राम कटहना थाना जोगिया उदयपुर में मिशन शक्ति/जनचौपाल व बहू/बेटी सम्मेलन के सम्बन्ध में विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर जाकर बालिकाओं /महिलाओं को मिशन शक्ति के तहत सरकार के विभिन्न सरकारी योजनाओं के बारे मे जैसे कि प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना व बहू सम्मेलन अभियान मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना रानी लक्ष्मी बाई बाल एवं महिला2 सम्मान कोष नारी शक्ति वंदन अधिनियम मातृ शक्ति को सम्बल निराश्रित महिला पेंशन योजना मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना आदि अन्य योजनाओ से संबंधी जानकारी को बताया गया व जागरूक किया गया मिशन शक्ति फेज 6.0 कार्यक्रम महिला सशक्तिकरण,एंटीरोमियो अभियान एवं साइबर अपराध सुरक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत जानकारी देते हुए विभिन्न हेल्पलाइन नंबर ☐112, पुलिस आपातकालीन सेवा ☐1090, वूमेन पावर हेल्पलाइन ☐1076, माननीय मुख्यमंत्री हेल्पलाइन ☐108, एंबुलेंस सेवा ☐1930, साइबर अपराध हेल्पलाइन ☐1098, चाइल्ड हेल्पलाइन ☐102, स्वास्थ्य सेवा ☐181 वीमेन हेल्पलाइन ☐101अग्निशमन सेवा के बारे में जानकारी दी गई व जागरूक किया गया।

मिशन शक्ति टीम का विवरण-

01.मुख्य आरक्षी श्रीनंद यादव

02.म0 का0 शैल कुमारी

03.पी आर डी लक्ष्मी

प्रेस नोट दिनांक 07-11-2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

◆उपजिलाधिकारी शोहरतगढ़ व क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ द्वारा सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर तहसील शोहरतगढ़ पर जनसुनवाई किया गया।

◆समस्याओं के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

आज दिनांक 07.11.2026 को उपजिलाधिकारी शोहरतगढ़ व मयंक द्विवेदी क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ द्वारा जनपद सिद्धार्थनगर के तहसील शोहरतगढ़ पर सम्पूर्ण समाधान दिवस में फरियादियों की समस्याओं को सुना गया तथा प्राप्त शिकायती प्रार्थना-पत्रों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण जल्द से जल्द किया जाना चाहिए जिन प्रार्थना-पत्रों का निस्तारण उच्चाधिकारी स्तर से किया जाना है, उन पर रिपोर्ट लगाकर सम्बन्धित अधिकारी को प्रेषित करें जिससे समय से उचित निस्तारण कराया जा सके। उक्त समाधान दिवस में पुलिस एवं राजस्व विभाग के अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे।

प्रेस नोट दिनांक 07-11-2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

कम्युनिटी पुलिसिंग अभियान के तहत थाना मिश्रौलिया पुलिस द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम भैंसहवा में बुजुर्ग नागरिक सहित ग्राम ग्रामवासियों के साथ बैठकर जनसंवाद एवं गोष्ठी का आयोजन किया गया

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के आदेश के क्रम में तथा प्रशांत कुमार प्रसाद, अपर पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन एवं पवीन प्रकाश क्षेत्राधिकारी इटवा के कुशल पर्यवेक्षण में, रामदेव थानाध्यक्ष मिश्रौलिया निर्देशन में संचालित कम्युनिटी पुलिसिंग अभियान के अंतर्गत आज दिनांक 07.11.2026 को थाना मिश्रौलिया जनपद सिद्धार्थनगर के ग्राम भैंसहवा में भ्रमण सील होकर जनसंवाद एवं गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी के दौराने लगभग 70 वर्षीय कुल 05 बुजुर्ग नागरिक सहित ग्राम ग्रामवासियों के साथ बैठकर उनकी समस्याओं, आवश्यकताओं एवं कुशलक्षेम के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई। उपस्थित ग्रामीणों द्वारा बताया गया कि उन्हें वृद्धावस्था पेंशन योजना का लाभ नियमित रूप से प्राप्त हो रहा है तथा उनके परिवार में किसी प्रकार की कोई समस्या नहीं है। सभी लोग आपसी सौहार्द एवं प्रसन्नता के साथ जीवनयापन कर रहे हैं। इस अवसर पर ग्रामीणों को शासन द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी एवं सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की जानकारी प्रदान करते हुए जागरूक किया गया। साथ ही कानून-व्यवस्था बनाए रखने, साइबर अपराधों से सतर्क रहने तथा किसी भी प्रकार की समस्या या आपात स्थिति में तत्काल पुलिस से संपर्क करने हेतु प्रेरित किया गया। ग्रामवासियों द्वारा पुलिस के इस जनसंपर्क एवं जागरूकता कार्यक्रम की सराहना करते हुए पुलिस के प्रति विश्वास एवं सहयोग की भावना व्यक्त की गई तथा भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए जाने की अपेक्षा व्यक्त की गई।

कम्युनिटी पुलिसिंग टीम थाना मिश्रौलिया
01. उ0नि0 धर्मराज
02 हेड.का. तेजप्रकाश मौर्य

प्रेस नोट दिनांक 07-11-2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

कम्युनिटी पुलिसिंग अभियान के तहत थाना भवानीगंज पुलिस द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम हिसामुद्दीनपुर में बुजुर्ग नागरिक सहित ग्राम ग्रामवासियों के साथ बैठकर जनसंवाद एवं गोष्ठी का आयोजन किया गया।

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के आदेश के क्रम में तथा प्रशांत कुमार प्रसाद, अपर पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन एवं बृजेश कुमार वर्मा क्षेत्राधिकारी डुमरियागंज के कुशल पर्यवेक्षण में, विजय शंकर सिंह थानाध्यक्ष भवानीगंज के नेतृत्व में संचालित कम्युनिटी पुलिसिंग अभियान के अंतर्गत आज दिनांक 07.11.2026 को थाना भवानीगंज जनपद सिद्धार्थनगर के ग्राम हिसामुद्दीनपुर में भ्रमण सील होकर जनसंवाद एवं गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी के दौराने बुजुर्ग नागरिक सहित ग्राम ग्रामवासियों के साथ बैठकर उनकी समस्याओं, आवश्यकताओं एवं कुशलक्षेम के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई। उपस्थित ग्रामीणों द्वारा बताया गया कि उन्हें वृद्धावस्था पेंशन योजना का लाभ नियमित रूप से प्राप्त हो रहा है तथा उनके परिवार में किसी प्रकार की कोई समस्या नहीं है। सभी लोग आपसी सौहार्द एवं प्रसन्नता के साथ जीवनयापन कर रहे हैं। इस अवसर पर ग्रामीणों को शासन द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी एवं सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की जानकारी प्रदान करते हुए जागरूक किया गया। साथ ही कानून-व्यवस्था बनाए रखने, साइबर अपराधों से सतर्क रहने तथा किसी भी प्रकार की समस्या या आपात स्थिति में तत्काल पुलिस से संपर्क करने हेतु प्रेरित किया गया। ग्रामवासियों द्वारा पुलिस के इस जनसंपर्क एवं जागरूकता कार्यक्रम की सराहना करते हुए पुलिस के प्रति विश्वास एवं सहयोग की भावना व्यक्त की गई तथा भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए जाने की अपेक्षा व्यक्त की गई।

कम्युनिटी पुलिसिंग टीम थाना भवानीगंज-

1.हे0कां0 विजय गुप्ता
2.कां0 राजमणि
3.कां0 जय सिंह यादव
4.कां0 सत्य प्रकाश यादव
5.म0आ0 उर्मिला
6.म0आ0 रूबी मौर्या

प्रेस नोट दिनांक 07-11-2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

◆मिशन शक्ति फेज 6.0 शक्ति दीदी, नारी सुरक्षा, नारी सम्मान के तहत थाना गोल्हौरा मिशन शक्ति टीम द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम बरगदवा में जाकर बच्चियों/महिलाओं को एकत्रित कर चौपाल लगाकर बालिकाओं/महिलाओं को सरकार के विभिन्न सरकारी योजनाओं व महिला अपराध के सम्बन्ध में जागरूक किया गया।

पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर डॉ0 अभिषेक महाजन द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओ की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक 07/11/2026 को अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी इटवा पवीन प्रकाश के पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार मिश्र थाना गोल्हौरा जनपद सिद्धार्थनगर के कुशल नेतृत्व में मिशन शक्ति के अन्तर्गत महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम तहत ग्राम बरगदवा में मिशन शक्ति/जनचौपाल व बहू/बेटी सम्मेलन के सम्बन्ध में विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर जाकर बालिकाओं /महिलाओं को मिशन शक्ति के तहत सरकार के विभिन्न सरकारी योजनाओं के बारे मे जैसे कि प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना व बहू सम्मेलन अभियान मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना रानी लक्ष्मी बाई बाल एवं महिला2 सम्मान कोष नारी शक्ति वंदन अधिनियम मातृ शक्ति को सम्बल निराश्रित महिला पेंशन योजना मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना आदि अन्य योजनाओ से संबंधी जानकारी को बताया गया व जागरूक किया गया मिशन शक्ति फेज 6.0 कार्यक्रम महिला सशक्तिकरण,एंटीरोमियो अभियान एवं साइबर अपराध सुरक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत जानकारी देते हुए विभिन्न हेल्पलाइन नंबर 👉 112, पुलिस आपातकालीन सेवा 👉 1090, वूमेन पावर हेल्पलाइन 👉 1076, माननीय मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 👉 108, एंबुलेंस सेवा 👉 1930, साइबर अपराध हेल्पलाइन 👉 1098, चाइल्ड हेल्पलाइन 👉 102, स्वास्थ्य सेवा 👉 181 वीमेन हेल्पलाइन 👉 101अग्निशमन सेवा के बारे में जानकारी दी गई व जागरूक किया गया।

मिशन शक्ति टीम-

1.उ0नि0 दीनदयाल सिंह

2.मु0आ0 विनोद कुमार

3.आ0 मनीष वर्मा

4.म0आ0 बबिता सिंह

5.म0आ0 अंजली वर्मा

प्रेस नोट दिनांक 07-11-2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

◆मिशन शक्ति फेज-6 अभियान के तहत थाना मोहाना मिशन शक्ति पुलिस टीम द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम बेलौहा मे जाकर महिलाओं/छात्राओं को गुड टच, बैड टच, महिला अपराध, साइबर अपराध व उससे बचाव के संबंध मे जागरुक किया गया।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर डॉ0 अभिषेक महाजन द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक 07/11/2026 को अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद के पर्यवेक्षण में क्षेत्राधिकारी सदर विश्वजीत सौरयान तथा थानाध्यक्ष जितेंद्र सिंह के कुशल नेतृत्व में मिशन शक्ति केंद्र के अन्तर्गत महिला सशक्तिकरण जागरूकता कार्यक्रम के तहत थाना मोहाना मिशन शक्ति पुलिस टीम द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम बेलौहा मे जाकर महिलाओं/छात्राओं को गुड टच, बैड टच, महिला अपराध, साइबर अपराध व उससे बचाव के संबंध मे जागरुक किया गया तथा खुद के साथ होने वाले अपराध से बचने के बारे मे जानकारी दी गयी। मा0 मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश के सभी थानों पर स्थापित मिशन शक्ति केंद्र जहां पर अपनी समस्या को दर्ज करा सकती हैं के बारे में जानकारी दी गई तथा मिशन शक्ति फेज- 06 के विषय मे महिलाओं को महिला संबंधी अपराध पर अंकुश लगाने हेतु जारी हेल्प लाइन 1090 वुमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्प लाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन, 112 पुलिस हेल्प लाइन, 1098 चाईल्ड केयर लाइन, 108 एम्बुलेंस हेल्प लाइन, 101 अग्निशमन हेल्प लाइन, 14567 एल्डर हेल्पलाइन, 1930 साइबर हेल्पलाइन नंबर व नए कानून के बारे में जानकारी दी गई।

थाना मोहाना मिशन शक्ति टीम जनपद सिद्धार्थनगर-

1.उ0नि0 सुनील कुमार सिंह

2.म0का0 काजल अग्रहरि

प्रेस नोट दिनांक 07-11-2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

◆मिशन शक्ति फेज-6 अभियान के तहत थाना लोटन मिशन शक्ति पुलिस टीम द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम- कस्बा लोटन बाजार की महिलाओं/छात्राओं को गुड टच, बैड टच, महिला अपराध, साइबर अपराध व उससे बचाव के संबंध मे जागरूक किया गया।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर डॉ0 अभिषेक महाजन द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक 07/11/2026 को अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद के पर्यवेक्षण में क्षेत्राधिकारी सदर विश्वजीत सौरयान तथा थानाध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह थाना लोटन जनपद सिद्धार्थनगर के कुशल नेतृत्व में मिशन शक्ति केंद्र के अन्तर्गत महिला सशक्तिकरण जागरूकता कार्यक्रम के तहत थाना मोहाना मिशन शक्ति पुलिस टीम द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम- कस्बा लोटन बाजार की महिलाओं/छात्राओं को गुड टच, बैड टच, महिला अपराध, साइबर अपराध व उससे बचाव के संबंध मे जागरुक किया गया तथा खुद के साथ होने वाले अपराध से बचने के बारे मे जानकारी दी गयी। मा0 मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश के सभी थानों पर स्थापित मिशन शक्ति केंद्र जहां पर अपनी समस्या को दर्ज करा सकती हैं के बारे में जानकारी दी गई तथा मिशन शक्ति फेज-06 के विषय मे महिलाओं को महिला संबंधी अपराध पर अंकुश लगाने हेतु जारी हेल्प लाइन 1090 वुमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्प लाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन, 112 पुलिस हेल्प लाइन, 1098 चाईल्ड केयर लाइन, 108 एम्बुलेंस हेल्प लाइन, 101 अग्निशमन हेल्प लाइन, 14567 एल्डर हेल्पलाइन, 1930 साइबर हेल्पलाइन नंबर व नए कानून के बारे में जानकारी दी गई।

थाना लोटन मिशन शक्ति टीम जनपद सिद्धार्थनगर-

1.उ0नि0 उमेश कुशवाहा
2.हे0का0 संजय कुमार गुप्ता
3.का0 शिवपाल सिंह यादव
4.का0 संजीत गुप्ता
5.म0का0 संगीता

प्रेस नोट दिनांक 07-11-2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

◆क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ द्वारा उपजिलाधिकारी शोहरतगढ़ के साथ थाना शोहरतगढ़ के पटाखे की अस्थाई दुकानों की चेकिंग कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया।

डॉ0 अभिषेक महाजन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर के आदेशानुसार व प्रशान्त कुमार प्रसाद, अपर पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर के कुशल निर्देशन में, आज दिनांक 07.11.2026 को क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ द्वारा उपजिलाधिकारी शोहरतगढ़ के साथ थाना शोहरतगढ़ अंतर्गत पटाखे की अस्थाई दुकानों की चेकिंग कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। इस दौरान दुकानों का निरीक्षण कर लाइसेंस तथा रजिस्टर का अवलोकन किया गया व दुकानदारों से दुकानों में रखें पटाखा के भण्डारण एवं विस्फोटक क्षमता की जॉच की गयी तथा पटाखों की दुकानों में आग बुझाने के उपकरण, रेत, पानी, अग्निशमन यंत्र इत्यादि चेक किया गया दुकानदारों को सुरक्षा हेतु आवश्यक हिदायत किया, जिससे किसी प्रकार की दुर्घटना होने से रोका जा सके।

प्रेस नोट दिनांक 07-11-2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

◆ क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ द्वारा उपजिलाधिकारी शोहरतगढ़ व एसएसबी के साथ आगामी त्यौहार धनतेरस, दीपावली, छठपूजा के दृष्टिगत शांति व्यवस्था, सतर्कता एवं सुरक्षा को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु थाना शोहरतगढ़ के खुनुवां भारत नेपाल अन्तर्राष्ट्रीय सीमा पर पैदल गश्त/चेकिंग किया गया।

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में आज दिनांक 07.11.2026 को प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ द्वारा उपजिलाधिकारी शोहरतगढ़ व थाना शोहरतगढ़ पुलिस एसएसही के साथ संयुक्त रुप से आगामी त्यौहार धनतेरस, दीपावली, छठपूजा के दृष्टिगत शांति व्यवस्था, सतर्कता एवं सुरक्षा को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु थाना शोहरतगढ़ के खुनुवां भारत नेपाल अन्तर्राष्ट्रीय सीमा पर पैदल गश्त/चेकिंग किया गया तथा आम जनमानस मे सुरक्षा का एहसास कराते हुये आपस में सौहार्द बनाये रखने हेतु अपील की गयी। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक शोहरतगढ़ सहित पुलिस व एसएसबी के अन्य अधिकारी कर्मचारीगण मौजूद रहे।

प्रेस नोट दिनांक 07-11-2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

◆थाना शिवनगर डिडई पुलिस द्वारा त्यौहार दीपावली, छठपूजा के दृष्टिगत शांति व्यवस्था, सतर्कता एवं सुरक्षा को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु थानाक्षेत्र के कस्बे में पैदल गश्त/चेकिंग किया गया।

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में आज दिनांक 07.11.2026 को प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में थाना शिवनगर डिडई पुलिस द्वारा त्यौहार दीपावली, छठपूजा के दृष्टिगत शांति व्यवस्था, सतर्कता एवं सुरक्षा को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु थानाक्षेत्र के कस्बे में पैदल गश्त/चेकिंग किया जा रहा है तथा आम जनमानस मे सुरक्षा का एहसास कराते हुये आपस में सौहार्द बनाये रखने हेतु अपील की गयी।

प्रेस नोट दिनांक 07-11-2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

यातायात माह-2026 के सातवें दिवस पर यातायात पुलिस सिद्धार्थनगर द्वारा हाईवे के आसपास रहने वाले नागरिकों को सड़क सुरक्षा नियमों एवं गुड सेमेरिटन योजना के प्रति किया गया जागरूक।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशानुसार, अपर पुलिस अधीक्षक के पर्यवेक्षण में, क्षेत्राधिकारी यातायात के निर्देशन एवं प्रभारी यातायात के नेतृत्व में यातायात माह-2026 के सातवें दिवस पर जनपद के राष्ट्रीय एवं राज्य राजमार्गों के आसपास रहने वाले नागरिकों को सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूक किया गया। इस दौरान यातायात पुलिस टीम द्वारा हाईवे के आसपास निवास करने वाले लोगों को सड़क पार करते समय सावधानी बरतने, सड़क पर अनावश्यक रूप से न चलने, रात्रि के समय दृश्यता बनाए रखने, हाईवे पर वाहन खड़ा न करने तथा सड़क दुर्घटनाओं से बचाव के लिए आवश्यक सावधानियों की जानकारी दी गई। साथ ही आमजन को गुड सेमेरिटन (नेक मददगार) योजना के संबंध में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया गया कि सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति की तत्काल सहायता कर उसे अस्पताल पहुंचाने वाले व्यक्ति को कानून द्वारा संरक्षण प्रदान किया जाता है। ऐसे नेक मददगारों को पुलिस अथवा कानूनी प्रक्रिया के नाम पर अनावश्यक रूप से परेशान नहीं किया जाता है। आमजन से अपील की गई कि दुर्घटना में घायल व्यक्तियों की मदद के लिए आगे आएं तथा मानवता का परिचय देते हुए अनमोल जीवन बचाने में सहयोग करें।

इसके अतिरिक्त जीरो फैटेलिटी डिस्ट्रिक्ट (ZFD) योजना के अंतर्गत सड़क दुर्घटनाओं एवं उनमें होने वाली मृत्यु की संख्या को न्यूनतम करने के उद्देश्य से ओवरस्पीडिंग, ड्रिंक एंड ड्राइव, स्टंटबाजी एवं अन्य यातायात नियमों के उल्लंघन के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। ओवरस्पीडिंग पर अंकुश लगाने हेतु दो इंटरसेप्टर वाहनों के माध्यम से राष्ट्रीय एवं राज्य राजमार्गों पर नियमित निगरानी कर निर्धारित गति सीमा से अधिक गति से चलने वाले वाहनों के विरुद्ध चालान एवं आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। यातायात पुलिस द्वारा आमजन से अपील की गई कि वे स्वयं यातायात नियमों का पालन करें तथा अपने परिवार एवं आसपास के लोगों को भी सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करें। सड़क दुर्घटना में घायलों की सहायता के लिए आगे आएं, क्योंकि आपकी थोड़ी सी तत्परता किसी की जिंदगी बचा सकती है।

प्रेस नोट दिनांक 07-11-2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

◆थाना लोटन पुलिस द्वारा त्यौहार दीपावली, छठपूजा के दृष्टिगत शांति व्यवस्था, सतर्कता एवं सुरक्षा को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु लोटन बाजार में पैदल गश्त/चेकिंग किया गया।

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में आज दिनांक 07.11.2026 को प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में थाना लोटन पुलिस द्वारा त्यौहार दीपावली, छठपूजा के दृष्टिगत शांति व्यवस्था, सतर्कता एवं सुरक्षा को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु थाना क्षेत्र के लोटन बाजार में पैदल गश्त/चेकिंग किया जा रहा है तथा आम जनमानस मे सुरक्षा का एहसास कराते हुये आपस में सौहार्द बनाये रखने हेतु अपील की गयी।

प्रेस नोट दिनांक 07.11.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

◆थाना कपिलवस्तु पुलिस द्वारा त्यौहार दीपावली, छठपूजा के दृष्टिगत शांति व्यवस्था, सतर्कता एवं सुरक्षा को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु कस्बा अलीगढ़वा में पैदल गश्त/चेकिंग किया गया।

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में आज दिनांक 07.11.2026 को प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में थाना कपिलवस्तु पुलिस द्वारा दीपावली, छठपूजा के दृष्टिगत शांति व्यवस्था, सतर्कता एवं सुरक्षा को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु थाना क्षेत्र के कस्बा अलीगढ़वा में पैदल गश्त/चेकिंग किया जा रहा है तथा आम जनमानस मे सुरक्षा का एहसास कराते हुये आपस में सौहार्द बनाये रखने हेतु अपील की गयी।

प्रेस नोट दिनांक 07.11.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

◆क्षेत्राधिकारी डुमरियागंज द्वारा थाना डुमरियागंज पुलिस के साथ त्यौहार दीपावली के दृष्टिगत, सतर्कता एवं सुरक्षा को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु थानाक्षेत्र के कस्बा डुमरियागंज में पैदल गश्त किया गया।

आज दिनांक 07.11.2026 को बृजेश कुमार वर्मा क्षेत्राधिकारी डुमरियागंज द्वारा थाना डुमरियागंज पुलिस के साथ त्यौहार दीपावली के दृष्टिगत, सतर्कता एवं सुरक्षा को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु थानाक्षेत्र के कस्बा डुमरियागंज में पैदल गश्त किया गया तथा आम जनमानस मे सुरक्षा का एहसास कराते हुये आपस में सौहार्द बनाये रखने हेतु अपील की गयी। इस दौरान श्रीप्रकाश यादव प्रभारी निरीक्षक डुमरियागंज व अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहें।

प्रेस नोट दिनांक 07.11.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

◆थाना बांसी पुलिस द्वारा त्यौहार धनतेरस, दीपावली, छठपूजा के दृष्टिगत शांति व्यवस्था, सतर्कता एवं सुरक्षा को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु कस्बा बांसी में पैदल गश्त/चेकिंग किया गया।

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में आज दिनांक 07.11.2026 को प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में थाना बांसी पुलिस द्वारा त्यौहार धनतेरस, दीपावली, छठपूजा के दृष्टिगत शांति व्यवस्था, सतर्कता एवं सुरक्षा को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु थाना क्षेत्र के कस्बा बांसी में पैदल गश्त/चेकिंग किया जा रहा है तथा आम जनमानस मे सुरक्षा का एहसास कराते हुये आपस में सौहार्द बनाये रखने हेतु अपील की गयी।